# आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, छत्तीसगढ़

भूतल ब्लाक नं.–2, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर.
फोन नं. 0771–2511507 फैक्स नं. 0771–2221627 इमेलः des.hqcg@gov.in वेबसाईट www.descg.gov.in

क्रमांक 1404 / 2017 / आ.सा.सं. / 1–प्रशा. / (गोप.) नया रायपुर, दिनांक 27 / 06 / 2017

प्रति,

1. समस्त उप संचालक / जिला योजना एवं साख्यिकी अधिकारी,
जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय,
जिला .............................................. (छत्तीसगढ़)

2. समस्त राजपत्रित अधिकारी,
आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय,
इन्द्रावती भवन, नया रायपुर(छ.ग)

**विषयः–** **अनुसचिवीय संवर्ग से कार्यपालिक पदों पर नियुक्ति के संबधं में ।**

योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक) सेवा भर्ती नियम, 1989 के नियम 6 (1) (ख) के प्रावधानों के तहत सहायक सांख्यिकी अधिकारी / अन्वेषक / खण्डस्तर अन्वेषक / संगणक के पदों पर अनुसचिवीय सेवा के सदस्यों से चयन किया जाना है । तद्नुसार उक्त नियम की अनुसूची पांच में उल्लेखित प्रावधानों के अन्तर्गत संचालनालय / जिला कार्यालयों के अनुसचिवीय कर्मचारियों के सीमित परीक्षा द्वारा सहायक सांख्यिकी अधिकारी / अन्वेषक / खण्ड स्तर अन्वेषक / संगणक के पदों पर चयन हेतु आपके अधीनस्थ जो अनुसचिवीय कर्मचारी निम्नानुसार पात्रता रखते हों, अपने आवेदन पत्र संलग्न प्रपत्र में प्रस्तुत कर सकते है :–

**पात्रता–**

(क) अनुसचिवीय सेवाओं के केवल ऐसे सदस्य इस योजना के विनिर्दिष्ट परीक्षा में भाग लेने के पात्र होंगे जो निम्नलिखित अर्हता रखते हों अर्थात :–

(एक) आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय एवं अधीनस्थ जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालयों में दिनांक 1.1.2017 को अनुसचिवीय पद पर कम से कम पांच वर्ष की लगातार सेवा कर चुके हों तथा विहित शैक्षणिक योग्यता पूर्ण कर चुके हों ।

(दो) जिनकी आयु पहली जनवरी 2017 को 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एव अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 50 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(ख) जो विभिन्न पदों के लिए निम्नानुसार शैक्षणिक योग्यता रखता है :–

| क्रं. | पद का नाम | विहित शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|
| 1 | **सहायक सांख्यिकी अधिकारी** | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र, सांख्यिकी, वाणिज्य, गणित अथवा समाजशास्त्र विषयों में से किसी एक विषय में कम से कम द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि । |
| 2 | **अन्वेषक / खण्डस्तर अन्वेषक** | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य, अर्थशास्त्र, सांख्यिकी, गणित अथवा समाजशास्त्र विषयों में से कम से कम एक विषय लेकर स्नातक उपाधि। द्वितीय श्रेणी उपाधिधारियों को अधिमान दिया जायेगा । |
| 3 | **संगणक** | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र, सांख्यिकी, वाणिज्य, गणित अथवा समाजशास्त्र विषयों में से एक विषय में कम से कम किसी एक विषय लेकर स्नातक उपाधि एवं<br>डाटा एण्ट्री ऑपरेटर / प्रोग्रामिंग में किसी मान्यताप्राप्त संस्था से एक वर्षीय डिप्लोमा तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी में डाटा एण्ट्री की गति 8000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा(गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जायेगी) |

3. परीक्षा :–

लिखित परीक्षा के लिये ढ़ाई घण्टे की अवधि के दो प्रश्नपत्र होगे । जिसमें प्रत्येक प्रश्नपत्र 50 अंको का होगा परीक्षा में उत्तीर्ण (सफल) होने के लिए प्रत्येक प्रश्नपत्र में कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा ।

4. उपरोक्तानुसार दर्शाये गये विवरण को दृष्टिगत रखते हुए अपने कार्यालय के अनुसचिवीय कर्मचारियों को सूचित करें । आगामी परीक्षा निकट भविष्य में आयोजित की जावेगी जो कर्मचारी अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत करना चाहते है, उनके आवेदन पत्र में भरी गई जानकारी को कार्यालयीन अभिलेखों से जांच कर यथा स्थान प्रमाणित कर निर्धारित तिथि तक संचालनालय को अग्रेषित करें।

5. कर्मचारियों के आवदेन पत्र दिनांक 26/07/2017 तक अनिवार्य रूप से संचालनालय पहुंच जाने चाहिए । उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं लिखित परीक्षा हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम संलग्न है।

6. उपरोक्तानुसार इच्छुक अनुसचिवीय कर्मचारियों से प्राप्त आवेदन पत्र उनके जांच उपरांत निर्धारित तिथि तक संचालनालय को भिजवाने की व्यवस्था करें ।

**(आयुक्त सह संचालक द्वारा अनुमोदित)**

(याकुब कुजूर)
सहायक संचालक(प्रशा.)
आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय,
छत्तीसगढ़ नया रायपुर

पृ.क्र. 1405/2017/आ.सा.सं./1–प्रशा./(गोप.)

नया रायपुर, दिनांक 27/06/2017

प्रतिलिपिः–

1. अपर संचालक/संयुक्त संचालक/उप संचालक (समस्त)/सहायक संचालक(समस्त) आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, छत्तीसगढ़ नया रायपुर की ओर सूचनार्थ अग्रेषित ।
2. विभागीय वेबसाईट में अपलोड करने/एक प्रति नोटिस बोर्ड हेतु ।

सहायक संचालक(प्रशा.)
आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय,
छत्तीसगढ़ नया रायपुर

## आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय तथा अधीनस्थ जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालयों के अनुसचिवीय कर्मचारियों द्वारा सहायक सांख्यिकी अधिकारी अन्वेषक/खण्डस्तर अन्वेषक/संगणक के पदों पर नियुक्ति की योजना के अन्तर्गत वर्ष 2017 में होने वाली सीमित परीक्षा के लिए आवेदन पत्र

| | | |
|---|---|---|
| 1 | शासकीय कर्मचारी का नाम | |
| 2 | पिता/पति का नाम | |
| 3 | जन्म तिथि (अंको में) | |
| | (शब्दो में) | |
| 4 | 01/01/2017 का आयु | वर्ष ..... ...............माह....................दिन............................ |
| 5 | धारित पद | |
| 6 | वर्तमान पदस्थी कार्यालय | |
| 7 | अनुसचिवीय सेवा में आने की तिथि | |
| 8 | क्या अनुसूचित जाति/अनु.जनजाति /अन्य पिछड़ा वर्ग के है ? यदि हां तो, किस जाति के हैं. (प्रमाण–पत्र संलग्न करें) | |
| 9 | शैक्षणिक योग्यता (प्रमाण पत्र संलग्न करें) | |

| क्रं. | परीक्षा/उपाधि का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | श्रेणी | विश्वविद्यालय का नाम/शिक्षा मण्डल का नाम | विषयों का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 10 | यदि शासकीय सेवा में प्रविष्ट के पश्चात् शैक्षणिक योग्यता बढ़ाई गई हो तो विभागीय अनुमति का आदेश क्रमांक एवं दिनांक (छायाप्रति संलग्न करें) | |
| 11 | पद का नाम जिसके लिए आवेदन प्रस्तुत कर रहें है ? | |
| 12 | क्या पूर्व में इस परीक्षा में सम्मिलित हुए थे ? यदि हॉ तो कितनी बार तथा किस पद के लिए ? | |

स्थान :

शासकीय कर्मचारी के हस्ताक्षर

## प्रमाण –पत्र

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि उपयुक्त सभी प्रविष्टियां मेरे द्वारा की गई है, और उनके अन्तर्गत दी गई सभी सूचनाएं मेरी जानकारी के अनुसार सत्य है । किसी भी सूचना के असत्य होने की स्थिति में आवेदित पद के लिए मेरी कोई पात्रता नहीं होगी ।

शासकीय कर्मचारी के हस्ताक्षर

---

## :: अग्रेषितकर्ता अधिकारी का प्रमाण–पत्र ::

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी ............................................................पद ................................... कार्यालय का नाम ............................................................... द्वारा भरी गई उपरोक्त जानकारी कार्यालयीन अभिलेखों से मिलाकर सही पाई गई । आवेदन पत्र का पंजीयन क्रमांक ...................... ..............................................दिनांक .........................है ।

दिनांक ..........................................

अग्रेषितकर्ता अधिकारी के हस्ताक्षर
पद नाम...............................................
कार्यालय की मोहर

---

(केवल संचालनालय के उपयोग के लिए)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आवेदन पत्र कार्यालय में प्राप्त होने की तिथि | |
| 2 | आवेदन पत्र का पंजीयन क्रमांक | |
| 3 | परीक्षा में बैठने की पात्रता है ? (हॉ/नहीं) | |

सत्कारी सहायक
नाम

उप संचालक (प्रशा.)
नाम

(ग) इस योजना के अधीन किसी भी अनुसचिवीय कर्मचारी को तीन बार से अधिक परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये अनुज्ञात नहीं किया जावेगा ।

**2. नियुक्तियों के लिये चयन : –**

इस योजना के अधीन ली गई परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंको और पिछले पांच वर्षो की गोपनीय प्रतिवेदनों के मूल्यांकन के आधार पर चयन किया जावेगा ।

| | |
|---|---|
| प्रश्न–पत्रों का पाठ्यक्रम (कुल समय 2:30 घंटे) | |
| प्रश्न–पत्र 1 (पूर्णांक 50) | |
| 1. | सामान्य ज्ञान (15 अंक) : सामयिक घटनाओं, भारत का इतिहास, भारत का भूगोल तथा उससे संबंधित घटनायें तथा छत्तीसगढ़ के बारे में सामान्य जानकारी से संबंधित प्रश्न (तीन प्रश्न). |
| 2. | सामान्य हिन्दी (15 अंक) 10–12 लाइनों की संक्षेपिका के आधार पर संक्षिप्त प्रश्न, समान दिखने वाले शब्दों के अर्थ में भिन्नता व किसी विहित विषयों पर 150 शब्दों में निबंध. |
| 3. | प्रांरभिक गणित (20 अंक)<br>गुणा, भाग, दशमलव प्रणाली में भिन्न, प्रतिशत, लाभ हानि, औसत, क्षेत्र रेखा गणित, आयत, औसत अनुपात. |
| | |
| प्रश्न–पत्र 2 (पूर्णांक 50) | |
| 1. | शासकीय सेवा से संबंधित नियमों का ज्ञान–(20 अंक):<br>वेतन, भत्ते, अवकाश, सामान्य भविष्य निधि, भरती नियम, आचरण नियमों से संबंधित नियम. |
| 2. | विभाग के प्रचलित शब्दावली के ज्ञान –(15 अंक)<br>विभाग में सामान्य रूप से प्रयोग में आने वाले विभिन्न शब्दों का उल्लेख किया जाय जिनका उस विभाग में विशिष्ट अर्थ होता है. |
| 3. | विभाग से संबंधित नियमों इत्यादि का ज्ञान :– (15 अंक) विभिन्न अधिनियमों, नियमों इत्यादि का ज्ञान जिनके बारे में विभाग अन्तर्गत कार्य होता है. |